# चेक क्लीयर होने से पहले ही नगर निगम कार्मिक लोगों को रसीदें दे रहे

## हैरिटेज निगम आयुक्त ने इस लापरवाही पर अफसरों को फटकार लगाई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । हैरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने चैक बाउंस के प्रकरण में गंभीर लापरवाही पकड़ी है। बताया जा रहा है कि निगम के अधिकारी-कर्मचारी अलग-अलग प्रकरणों में चेक से शुल्क लेकर तुरंत रसीदें दे रहे थे, जबकि कई चेक बाद में क्लीयर हुए भी नहीं। ऐसे में राजस्व नुकसान को देखते हुए शनिवार को आयुक्त अभिषेक सुराणा ने अफसरों को फटकार लगाते हुए पूछा कि "यह क्या सिस्टम चल रहा है।" लेखा शाखा के अधिकारियों ने भी इसमें कर्मचारियों की मिलीभगत होने का अंदेशा माना।

इस पर आयुक्त अभिषेक सुराणा ने कहा, नगर निगम प्रशासन अब ऑनलाइन यू.पी.आई. से भी शुल्क भुगतान लेना शुरू करे। सबसे ज्यादा 48 चेक बाउंस लैंड शाखा में सामने आये हैं, जो कि बिल्डिंग परमिशन से जुड़े प्रकरणों के है। ऐसे में आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए कहा कि, बिना चैक पास हुए रसीद दे रहे है, ये सिस्टम क्या चल रहा है। लोगों के काम हो जाते है, लेकिन



हैरिटेज नगर निगम के सभी विभागों की बैठक शनिवार को आयुक्त अभिषेक सुराणा ने ली।

- **हैरिटेज निगम में सबसे ज्यादा 48 चेक बाउंस के प्रकरण बिल्डिंग परमिशन से जुड़े सामने आये हैं**
- **आयुक्त सुराणा ने पिछले 4 साल की जांच करवाकर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए**

शुल्क राशि के चैक पास नहीं हो रहे। सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। आयुक्त सुराणा ने कहा कि जिन लोगों के चेक बाउंस हुए, उनसे वसूली की जाएं। साथ ही जिस कर्मचारी की वजह से दिक्कतें आई, उसे चार्जशीट दो, कार्रवाई करो। उन्होंने जोन उपायुक्तों को इस संबंध में कार्रवाई करने को कहा। मुख्य लेखाधिकारी को निर्देश दिए कि जोन कार्यालय में जाकर ऐसे मामलों की जांच करे। इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त अभिषेक सुराणा ने पिछले 4 साल की जांच करवाने के लिए कमेटी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही हिदायत भी दी कि, भविष्य में जब तक चैक क्लियर नहीं हो, तब तक ओरिजनल रसीद नहीं दी जाए। इसके अलावा जिस साल में जिस भी कर्मचारी ने लापरवाही बरती, उसे चार्जशीट दी जाएं और अब यूपीआई पेमेंट भी लो। इसके बाद आयुक्त ने आमजन से नगरीय विकास कर की वसूली करने वाली स्पैरो कंपनी को भी जुलाई माह खत्म होने से पहले जिओ टैगिंग पूर्ण करने के लिए कहा।

## 23 बीघा जमीन पर बसाई जा रही 8 कॉलोनियां ध्वस्त

**जयपुर** । शहर के बाहरी क्षेत्रों में अवैध रूप से विकसित हो रहीं कॉलोनियों पर जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने शनिवार को कार्रवाई की। करीब 23 बीघा जमीन पर बिना जेडीए की अनुमति और भू-रूपांतरण करवाये बसाई जा रही 8 अवैध कॉलोनियों का खुर्द-बुर्द किया।

जानकारी के मुताबिक इकोलॉजिकल जोन जामडोली में 2 जगह कार्रवाई की गई। तीन बीघा कृषि भूमि पर राधिका विहार-द्वितीय और चार बीघा में केशव विहार के नाम से बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को भी ध्वस्त किया। कार्रवाई के दौरान ग्रेवल की सड़कें व अन्य अवैध निर्माण तोड़े गए। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेंद्र शर्मा ने बताया कि वाटिका रोड पर तीन बीघा में, सीमिलिया रोड पर तीन बीघा में बालाजी विहार, नीमेड़ी रोड पर तीन बीघा में गुरुकृपा रेजीडेंसी, वाटिका रोड पर एक बीघा में पवन मार्केट, सूरजपुरा भाटावाला में तीन बीघा और शिवदासपुरा रोड स्थित पदमपुरा में तीन बीघा कृषि भूमि पर शिवशक्ति नगर नाम से कॉलोनी से विकसित की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान इन कॉलोनियों में ग्रेवल और पक्की सड़कों के अलावा भूखंडों की बाउंड्रीवाल भी ध्वस्त कर दी।

# ड्रेनेज की कमी से शहर की सड़कों पर कई जगह भरा बारिश का पानी

## ढेहर के बालाजी, कालवाड़ व निवारू रोड, खिरणी फाटक, सिरसी रोड, धावास कट और 200 फीट चौराहे पर हालात ज्यादा खराब



अजमेर-दिल्ली बाईपास की सर्विस लेने पर ड्रेनेज नालों की ऊंचाई सड़क से ज्यादा होने के कारण मुख्य मार्ग पर बारिश का पानी भरा हुआ है। लोगों को मजबूरन कीचड़ और गंदे पानी में से गुजरना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी दुपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वाले लोगों को उठानी पड़ रही है।

**जयपुर** (कासं)। बारिश का मौसम खुशनुमा होने के बजाय जयपुर के लोगों के लिए परेशानी का सबब है। यूं तो जयपुर शहर को स्मार्टसिटी बनाने की कवायद पिछले 10 सालों से चल रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि जे.डी.ए. और नगर निगम प्रशासन बारिश के जलभराव की समस्या तक खत्म नहीं कर पा रहे हैं। फिर चाहे परकोटा हो, या फिर शहर का बाहरी इलाका। राजस्थान में इस बार मानसून सक्रिय होने के बाद जयपुर अच्छी-खासी बरसात हो रही है, लेकिन सड़कों पर जलभराव की समस्या से आमजन दु:खी है। अधिकांश इलाकों में ड्रेनेज की कमी प्रमुख कारण है, तो कहीं पर नालों की सफाई भी ठीक ढंग से नहीं हुई।

अजमेर रोड चौराहे पर 200 फीट बाइपास से सर्विस रोड पर हालात ज्यादा खराब है। धावास कट, सिरसी रोड, खिरणी फाटक, कालवाड़ रोड, निवारू रोड व इंडस्ट्रीयल एरिया तथा सीकर रोड पर ढेहर के बालाजी क्षेत्र में हालात ज्यादा खराब है। जहां-जहां ड्रेनेज का इंतजाम नहीं है, वहां पानी की निकासी की कोई व्यवस्था भी नहीं हो रही है। पिछले करीब 10-12 दिनों से सड़कों पर बारिश का पानी भरे रहने से जगह-जगह खड्ढ़े हो गए है, जिनमें गिरकर आये दिन दुपहिया वाहन चालक और राहगीर चोटिल हो रहे हैं। टूटी सड़कों और जलभराव की इस समस्या के कारण पूरे दिन ट्रेफिक जाम के हालात भी बने हुए है।

# रैन बसेरों में लगेगी 'खुशियों की दुकान'

**जयपुर** (कासं)। हैरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने शनिवार को अधिकारियों की बैठक लेकर सभी विभागों के कामकाज की समीक्षा की। पूर्व में रेलवे स्टेशन रोड पर संचालित "खुशियों की दुकान" के जैसे सभी जोन क्षेत्र में और दुकानें खोली जाएगी। इन दुकानों पर पुराने आइटम जमा किए जाते है। रैन बसेरों में यह दुकानें संचालित की जाएंगी।

वहीं, वर्षा काल में उद्यान शाखा को अधिक से अधिक पौधे लगाने के निर्देश दिए, साथ ही नि:शुल्क पौधे वितरित कार्यक्रम को गति देने के निर्देश भी दिए। साथ ही निगम अधिकारियों को पेंडिंग कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक में सभी जोन उपायुक्त, मुख्यालय अधिकारी, अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता, फायर शाखा के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

आयुक्त सुराणा ने प्रधानमंत्री स्वनिधि सहित अन्य केन्द्रीय योजनाओं में आमजन को अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ने के निर्देश दिए। इसके अलावा निगम की आय बढाने के लिए प्रॉपर्टी सर्वे के कार्य को गति देने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने पौधरोपण की दिशा ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने को कहा। उन्होंने बाजारों में पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। इसके लिए व्यापार मण्डलों के साथ मिलकर अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा गार्डन में आमजन को पौधों के साथ जल्द ही कंपोस्ट खाद्य वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होनें हिंगोनिया गौशाला और गार्डन में बनी कंपोस्ट खाद को गार्डन (जहाँ पौधा वितरण किए जा रहे है ) में रखवाए। होम कंपोस्टिंग को बढ़ावा देने के निर्देश। प्रत्येक वार्ड में अधिक से अधिक घरों में होम कंपोस्टिंग के लिए जागरूक किया जाएं।

आयुक्त सुराणा ने सभी मुख्य स्वच्छता निरीक्षक को ओपन कचरा डिपो खत्म करने के निर्देश दिए। सतर्कता शाखा को बाजारों से अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

# विदेशों से ड्रग्स मंगवा कर जयपुर में सप्लाई करने वाले तस्कर दबोचे

**जयपुर** (कासं)। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने शिवदासपुरा व मालवीय नगर थाना इलाके में अवैध गांजा, चरस, एमडी ड्रग्स, एलएसडी पेपर, नशीली दवा की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ सहित हजारों रुपये बरामद किए है। पुलिस के अनुसार मादक पदार्थ की अनुमानित अंतर्राष्ट्रीय कीमत 10 लाख रुपये है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने शिवदासपुरा एवं मालवीय नगर इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले सुनिल बलोदा निवासी मुकुन्दगढ़, झुंझुनूं हाल शिवदासपुरा, ललित कुमार निवासी ताजगंज जिला आगरा उत्तरप्रदेश और अमीकुल हक निवासी कोलावाड़ी कोतवाली जिला कूचबिहार पश्चिम बंगाल हाल मालवीय नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ चरस एक किलो 57 ग्राम, हाईब्रिड गांजा 60.01 ग्राम, एमडी ड्रग्स 13 ग्राम, एलएसडी टेबलेट 8.05 ग्राम, एलएसडी पेपर 2.07 ग्राम, गांजा 4 किलो 400 ग्राम, बिक्री राशि 68 हजार 900 रुपये एवं परिवहन में प्रयुक्त एक पावर बाइक जब्त की।

## युवती से दुष्कर्म

**जयपुर** । जवाहर सर्किल इलाके में शादी का झांसा देकर युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि खोह नागोरियान निवासी 20 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात शिव सिंह से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उससे दोस्ती कर ली। मई-2024 में मिलने जगतपुरा बुलाया जहां शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया।

## सार-समाचार

### पार्किंसन रोग के बारे में जानकारी दी



**जयपुर** । महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन जयपुर, राजस्थान संस्था के स्वर्णिम 50वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रमों की कडी में शनिवार सुबह पार्किंसन रोग पर चर्चा की गई। जनता कॉलोनी स्थित महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन के भवन में सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में डॉ. वैभव माथुर ने पार्किंसन रोग के कारण, लक्षण और उपचार संबंधी उपयोगी जानकारी साझा की। एसोसिएशन के सचिव वीर अनिल वैध ने बताया कि स्थापन दिवस आयोजन का समापन 14 जुलाई रविवार को होगा। इस अवसर पर सी-स्कीम जयपुर स्थित महावीर पब्लिक स्कूल में सायं 6.30 बजे से भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संस्थापक डॉ. डी.आर.मेहता होंगे। अनिल वैध ने बताया कि संस्था की ओर से विगत वर्षों से किए जा रहे जनहित, जनसेवा एवं जीवरक्षा के कार्यों को निरंतर और गतिमान बनाए रखने के साथ ही आमजन की भागदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस के तहत विभिन्न गतिविधियों संबेधी साप्ताहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्थापना दिवस कार्यक्रमों की शुरुआत 7 जुलाई को हुई थी।

### महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**जयपुर** । एयरपोर्ट थाना इलाके में दो परिचित युवकों द्वारा महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामले की जांच एसीपी मालवीय नगर आदित्य पूनिया कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि एयरपोर्ट इलाके की निवासी 30 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया कि परिचित होने के कारण नमो नारायण और महेन्द्र से उसकी बातचीत है। मार्च-2024 में बातचीत के लिए दोनों आरोपी मिलने आए थे। मिलने के दौरान अकेला पाकर दोनों आरोपियों ने जबरन उसको शराब पिलाई। शराब के नशे में दोनों आरोपियों ने जबरन उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उसके अकाउंट से ऑनलाइन रुपए भी ट्रांसफर कर लिए। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सांगानेर और मानसरोवर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**जयपुर** । ग्रेटर नगर निगम आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने सांगानेर और मानसरोवर जोन का सुबह 7 बजे से 11 बजे तक दौरा किया।

यहां उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की मॉनिटरिंग, सेन्टर का निरीक्षण, बारिश के बाद सड़कों पर गिरे पेड़-पौधों को हटवाने, सड़क किनारे लगे हुये पेड़-पौधों की कटिंग, गीले कचरे व सूखे कचरे को अलग-अलग करने, होम कम्पोस्टिंग, सीएनडी वेस्ट उठवाने, अवैध बैनर पोस्टर हटवाने, निर्माणधीन इमारतों पर ग्रीन नैट सहित विभिन्न बिन्दुओं के तहत निरीक्षण किया। आयुक्त ने वार्ड संख्या 75, 81, 82, 86 का भी निरीक्षण किया।

आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने घर-घर जाकर गीले व सूखे कचरे के पृथक्करण, होम कम्पोस्टिंग को देखा। इसके साथ ही उन्होंने जगह-जगह पड़े सीएनडी वेस्ट को देखकर नाराजगी जाहिर की तथा संबंधित अधिकारियों को सीएनडी वेस्ट उठवाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने निर्माणाधीन इमारतों पर ग्रीन नेट लगवाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने घर-घर जाकर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था के बारे में फीडबैक लिया तथा गीले व सूखे कचरे के पृथक्करण के बारे में भी समझाइश की। दौरे के दौरान उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन भारद्वाज, सीएसआई, एसआई मौजूद रहें।

वहीं दूसरी ओर हैरिटेज नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा ने कचरा फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 44600 रूपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया है। इस सबंध में उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक रखने वाले और गंदगी करने वालों के खिलाफ शाखा लगातार कार्रवाई कर रही है।

जिसमें सीएसआई ने 16500 रूपए, यूजर चार्ज 1800 रूपए, और वॉच राइडर ने 26300 रूपए वसूल किए है। उपायुक्त नरूका ने बताया कि प्लास्टिक प्रकृति और मानव के लिए हानिकारक है। आमजन के इसके बजाए कपडे या जूट का बैग उपयोग में लेना चाहिए। प्लास्टिक के कई हानिकारक दुष्प्रभाव है। हेरिटेज निगम के द्वारा बाजारों में जाकर समझाइश भी की जा रही है।

# मालवीय नगर में लुहार समाज के 20 परिवारों को जमीन से बेदखल करने के प्रकरण की जांच होगी

## मुख्यमंत्री द्वारा इस प्रकरण की जांच के आदेश देने के बाद घुमंतु समाज के लोगों ने शनिवार को मालवीय नगर थाना पुलिस का सम्मान किया

**जयपुर** (कासं)। मालवीय नगर में अपेक्स हॉस्पिटल के पीछे लगभग 50 वर्ष से रह रहे लोहार समाज के 20 परिवारों को जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा हटाए जाने के प्रकरण की जांच के आदेश मुख्यमंत्री ने दिए हैं। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीष कुमार का आरोप है कि गत 8 जून को जेडीए ने इन 20 परिवारों को बेदखल कर भूमाफिया को लाभ पहुंचाने का कुत्सित प्रयास किया। हमनें इस प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को की थी, जिसके बाद उन्होंने इस मामले की पुलिस जांच के आदेश दिए है।

अनीष कुमार ने बताया कि इस प्रकरण की जांच कर रही मालवीय नगर थाना पुलिस को स्वागत करने के लिए शनिवार को घुमंतू समाज के लोग पहुंचे। उन्होंने थानाधिकारी कमल नयन को गुलाब का फूल एवं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। इसके अलावा थाने परिसर में मौजूद सभी पुलिसकर्मियों को गुलाब का फूल देकर धन्यवाद दिया। अनीष कुमार ने बताया कि कुछ भू-माफियाओं ने गलत तथ्य पेश कर जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को गुमराह करके न्यायालय में विचाराधीन भूमि पर पट्टे प्राप्त किए है। मुख्य भूमाफिया तथा उसके साथियें ने जिस मित्र गृह निर्माण सहकी समिति के पट्टों पर जे.डी.ए. से पट्टे प्राप्त किए हैं वह फर्जी हैं। यही नहीं जिस भूमि को खाली करवाया गया है, वह निजी भूमि है। जिस पर जेडीए के अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग कर लोहार समाज के परिवारों को बेदखल करके सड़क पर छोड़ दिया और जमीन को भूमाफियाओं के हवाले कर दिया। अब भूमाफियाओं ने सुविधा क्षेत्र को भी अपने कब्जे में ले लिया है। अनीष ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भ्रष्टाचार मुक्त राजस्थान के संकल्प को हम भली-भांति समझते हैं। यही कारण है कि उन्होंने जांच के आदेश दिए हैं। अगर पुलिस ने सही जांच नहीं की तो हम इसकी भी शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे। हमें पूरा भरोसा है कि पुलिस अपनी ईमानदारी से इस घुमंतू समाज को न्याय दिलाएगी और जो पट्टे गलत दिए गए हैं, उनको निरस्त करने में अपनी महत्व भूमिका निभाते हुए दोषियों को सजा भी दिलाएगी।

# रामगंज में ए.टी.एम. मशीन से 15 लाख रु. निकालने वाले 2 शातिर बदमाश गिरफ्तार

## आरोपी रोहिताश कुमार पहले बैंक में नौकरी करता था, इसलिए उसे ए.टी.एम. से रकम निकालने का तरीका और पासवर्ड मालूम था

**जयपुर** । रामगंज इलाके में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ए.टी.एम. मशीन से छेड़छाड़ कर 15 लाख रुपए चोरी करने वाले पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक बदमाश पहले बैंक में ही नौकरी करता था। उसने ए.टी.एम. से रुपए चोरी की प्लानिंग के तहत कुछ दिन पहले ही जॉब छोड़ी थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर बदमाशों को चिन्हित कर दबोच कर चुराई पूरी रकम बरामद कर ली है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी (नॉर्थ) राशि डूडी डोगरा ने बताया कि मामले में आरोपी रोहिताश कुम्हार (25) पुत्र गुरगन निवासी मालाखेड़ा अलवर और रोहिताश सिंह (25) पुत्र बजरंग सिंह निवासी लक्ष्मणगढ़ अलवर हाल कसोला चौक रेवाड़ी हरियाणा को अरेस्ट किया गया है। मास्टर माइंड रोहिताश कुम्हार को बैंक में जॉब करने के कारण ए.टी.एम. मशीन के संबंध में पूरी जानकारी थी।



रामगंज इलाके में ए.टी.एम. मशीन से 15 लाख रु. चुराने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

उसने प्लानिंग के तहत चोरी से कुछ दिन पहले ही जॉब छोड़ दी थी। इसके बाद हरियाणा से अपने दोस्त रोहिताश सिंह को वारदात को अंजाम देने के लिए बुलाया था। पहचान छिपाने के लिए दोनों बदमाशों ने हेलमेट से खुद के चेहरे को कवर किया था। इसके बाद बदमाश गत 10 जून की रात हीदा की मोरी रामगंज मार्केट स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में वारदात करने पहुंचे। बूथ में घुसे पूर्व बैंककर्मी रोहिताश कुम्हार ने मशीन से छेड़छाड़ की।

पहले से पता पासवर्ड से उसने एटीएम के कैश बॉक्स को खोल लिया और उसमें रखे 15 लाख 19 हजार रुपए चुराकर फरार हो गए। एटीएम से रुपए चोरी का पता चलने पर रामगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज में मिले दोनों चोरों को हुलिए के आधार पर करीब 200 फुटेजों को खंगालते हुए चिह्नित किया। वारदात में पूर्व बैंककर्मी रोहिताश कुम्हार के होने का पता चलने पर अलवर में दबिश देकर पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी रोहिताश कुम्हार को अरेस्ट किया, जिसके कब्जे से मिले 10 लाख रुपए बरामद किए गए। पूछताछ में साथी बदमाश रोहिताश सिंह का पता चलने पर हरियाणा में दबिश देकर पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए बाकी रुपए 5.19 लाख रुपए बरामद कर लिए।

## बाइकर्स गैंग ने 3 महिलाओं को बनाया शिकार

**जयपुर** । शहर में बाइकर्स गैंग का आंतक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बदमाशों ने शनिवार को जयपुर में तीन महिलाओं को शिकार बना लिया। दो महिलाओं के गले से सोने की चेन और एक से मोबाइल छीनकर ले गए। सेक्टर-19 प्रतापनगर निवासी मनीष कालरा ने प्रतापनगर थाने में मामला दर्ज करवाया कि उसकी पत्नी बाजार से घर आ रही थी। तभी एक प्राइवेट स्कूल के पास पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए। पीडिता कुछ समझ पाती तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। दूसरी घटना में मालवीय नगर निवासी अंकित बुरड़ ने जवाहर सर्किल थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह मॉर्निंग वॉक के लिए जेएलएन मार्ग पर गई थी। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए। घटना 12 जुलाई की है। तीसरी घटना में मल्होत्रा नगर निवासी निर्मल कंवर ने विद्याधर नगर थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार से घर जा रही थी। विद्याधर नगर स्टेडियम के पास पीछे से बाइक सवार एक बदमाश आया और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने भी लगाया पौधा

## ग्रेटर निगम के अभियान "एक पेड़ मां के नाम" की सराहना की



**जयपुर** । ग्रेटर नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे "एक पेड़ मां के नाम" अभियान से शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी जुड़े। उन्होंने जयपुर के सीतापुरा स्थित एक्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में पौधा लगाया। भजनलाल शर्मा और शिवराज सिंह ग्रेटर नगर निगम के इस प्रयास की सराहना की। महापौर सौम्या गुर्जर ने बताया कि इस मानसून सीजन में 11 लाख पौधे लगाए जाएंगे। अभियान बेहतर तरीके से चले और पौधे, पेड़ बन सकें, इसके लिए 150 संगठनों को भी जोड़ा गया है। ये लोग नियमित रूप से देखभाल करेंगे। उन्होंने बताया कि पार्कों में औषधीय पौधे भी लगाए जाएंगे। इस अभियान के तहत जो कार्यक्रम हो रहे हैं, उसमें आने वाले लोगों से संकल्प पत्र भरवाए जा रहे हैं। साथ ही लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिला रहे हैं।